भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1317
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोनों का उपयोग

1317. श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री नलीन कुमार कटील:
श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:
श्री राम कृपाल यादव:
श्री रवि किशन:
श्री तापिर गाव:
डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:
श्री उमेश जी. जाधव:
श्री प्रताप सिम्हा:
श्री शंकर लालवानी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए ड्रोन के उपयोग के संबंध में स्वास्थ्य परिचर्या क्षेत्र में कोई सुधार लाने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी सुगमता में वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आई-ड्रोन पहल ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों और इलाकों में विभिन्न स्वास्थ्य परिचर्या चिकित्सा अनिवार्यताओं जैसे टीके, दवाओं, नैदानिक नमूनों, रक्त और इसके घटकों आदि के परिवहन के लिए ड्रोन के उपयोग के साक्ष्य स्थापित करने के लिए विभिन्न शोध परियोजनाएं पूरी की हैं।

इस मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) के सहयोग से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित 13 एम्स सहित 29 संस्थानों में ड्रोन के उपयोग के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की है, ताकि दूरस्थ और कठिन भौगोलिक भू-भाग वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की पहुंच और सुगम्यता बढ़ाने के उद्देश्य से चिह्नित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की जा सकें।

*****